अमर स्तम्भ (हिन्दी दैनिक)

मोहला महाविद्यालय में मनाया गया एड्स दिवस,

हरदीप छाबड़ा,

मोहला(अमर स्तम्भ)=-स्वर्गीय लाल श्याम शासकीय नवीन महाविद्यालय मोहला के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में एड्स जागरूकता संबंधी निबंध,पोस्टर, एवं रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें क्रमशः निबंध प्रतियोगिता में 26, पोस्टर प्रतियोगिता में 40 एवं रंगोली प्रतियोगिता 30 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में सागर सिंह राजपूत बीकॉम थर्ड ईयर को प्रथम स्थान, पोस्टर प्रतियोगिता में रितु कुंजाम ढ्ढ.ड्ड. थर्ड ईयर को प्रथम स्थान एवं रंगोली प्रतियोगिता में रेणुका कुमरे बीएससी थर्ड ईयर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को डिक्शनरी डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी डॉ जी के जोशी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड क्रॉस सोसाइटी व रेड रिबन क्लब के कार्यक्रम अधिकारी भागवत कुर्रे सहायक प्राध्यापक भूगोल ,सहित समस्त छात्र-छात्राएं व अतिथि प्राध्यापक उपस्थित थे एवं राष्टीय सेवा योजना के स्वयं सेवक हेमदास मंडावी,चुमेश्वर रावटे,उपस्थित थे।

Scanned by TapScanner